दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K✌K RNI No.61546/95

# क्षितिज किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-32 अंक-134 नर्मदापुरम (होशंगाबाद) शनिवार 04 जुलाई 2026 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


## राम मंदिर के बाद अब बदरीनाथ धाम में हेरफेर के आरोप, जांच के आदेश; खंगाले जा रहे सीसीटीवी फुटेज

चमोली/ देहरादून (ए.) । अयोध्या के राम मंदिर के चढ़ावे में चोरी का मामला सामने आने के बाद बदरीनाथ धाम में भी चढ़ावे और दान में कथित हेराफेरी का मामला सामने आया है।



इस पर बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) ने जांच के आदेश दे दिए हैं। समिति के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने कहा है कि मंदिर समिति ने आरोपों को अत्यंत गंभीरता से लिया है। पूरे प्रकरण की निष्पक्ष और तथ्यपरक जांच होगी। जांच रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

**कौन करेगा जांच?**

मंदिर समिति ने आरोपों की जांच के लिए समिति गठित करने के आदेश दे दिए हैं। इस मामले में स्पष्टीकरण भी तलब किया गया है। जांच पूरी होने के बाद अगर कोई कर्मचारी दोषी पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई करने की बात कही गई है। बता दें कि 2025 में बदरीनाथ धाम में 51 लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंचे थे।

**सोशल मीडिया के दावों में किसका जिक्र?**

समिति के अध्यक्ष ने कहा कि सोशल मीडिया पर जिस कर्मचारी को उनका निजी सचिव बताया जा रहा है, वह असल में उनका निजी सचिव नहीं है। वह बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति का नियमित सरकारी कर्मचारी है। वह वैयक्तिक सहायक के रूप में पूर्व में भी मंदिर समिति के तीन अध्यक्षों के साथ कार्य कर चुका है। सोशल मीडिया पर उसके संबंध में प्रसारित किए जा रहे आरोप सही पाए जाते हैं, तो दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

**भैरव सेना ने क्या कहा?**

भैरव सेना संगठन ने बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) के अध्यक्ष से जुड़े कर्मचारी पर आर्थिक हेराफेरी के गंभीर आरोप लगाए हैं।

# उफान पर शिप्रा, पानी में समाए घाट-मंदिर; उफनती पुलिया में बहे सहायक सचिव



उज्जैन (ए.) । उज्जैन, देवास और इंदौर में मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। शिप्रा नदी उफान पर है और रामघाट के कई मंदिर जलमग्न हो गए हैं। वहीं बड़नगर में शॉर्टकट के चक्कर में उफनती पुलिया पार कर रहे सहायक सचिव बाइक समेत बह गए। 13 घंटे बाद भी उनका कोई सुराग नहीं मिला। जगोटी में भी एक युवक रपट पुलिया पर बाइक समेत बह गया, हालांकि तैरकर उसने अपनी जान बचा ली।

**शिप्रा के उफान से डूबे रामघाट के मंदिर**

लगातार बारिश से उज्जैन में शिप्रा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ गया है। रामघाट समेत कई घाटों पर बने छोटे-बड़े मंदिर आंशिक रूप से डूब गए हैं। शिप्रा ब्रिज की छोटी रपट पानी में डूबने के कारण श्रद्धालुओं की आवाजाही रोक दी गई है। एहतियातन होमगार्ड और पुलिस के जवान घाटों पर तैनात हैं, जो पेट्रोलिंग कर लोगों को गहरे पानी में जाने से रोक रहे हैं। होमगार्ड घाट प्रभारी ईश्वर लाल चौधरी का कहना है कि यह जलस्तर फिलहाल सामान्य है। बारिश के दौरान शिप्रा इससे कई गुना अधिक उफान पर रहती है। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है।

52 कुंड पर भी पानी का तेज बहाव देखने को मिला। पानी की तेज धार ने यहां का नजारा पूरी तरह बदल दिया। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि तेज बहाव के दौरान नदी और कुंड के किनारे जाने या पानी के पास जाने की लापरवाही न करें।

**शॉर्टकट के चक्कर में बह गए सहायक सचिव**

दूसरी ओर, बड़नगर तहसील के गावड़ी लोधा में गुरुवार रात एक दर्दनाक हादसा हुआ। ग्राम पंचायत के सहायक सचिव सूर्य प्रताप सिंह सोनगरा बड़नगर से लौटते समय गांव की पुरानी उफनती पुलिया पार कर रहे थे। उनके साथी कृष्ण पाल सिंह अधिक पानी देखकर बाइक से उतर गए, लेकिन सूर्य प्रताप बाइक निकालने लगे और तेज बहाव में बाइक सहित बह गए। रात एक बजे उनकी बाइक करीब 50 मीटर दूर मिल गई, लेकिन शुक्रवार दोपहर तक सूर्य प्रताप का कोई पता नहीं चला।

एसडीआरएफ और पुलिस की टीम सर्च ऑपरेशन चला रही है। इंगोरिया थाना प्रभारी दीपेश व्यास ने बताया कि नया रास्ता उपलब्ध होने के बावजूद वे शॉर्टकट के चक्कर में पुरानी पुलिया से निकले, जिससे यह हादसा हुआ।

**ग्रामीणों की चेतावनी अनसुनी करना युवक को पड़ा भारी**

इसी तरह जगोटी-खेड़ा खजुरिया मार्ग पर झालड़ा खाल की रपट पुलिया पर जगोटी निवासी केशु आंजना खेत से लौटते समय ग्रामीणों के मना करने के बावजूद बाइक हाथ में पकड़कर पुलिया पार करने लगा। तेज बहाव में वह बाइक सहित बह गया।

गनीमत रही कि तैरना जानने के कारण उसने किनारे की झाड़ियां पकड़कर अपनी जान बचा ली, लेकिन उसकी बाइक बह गई। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि बारिश के दौरान उफनते नदी-नालों और रपट पुलियाओं को पार करने का जोखिम न लें।

## 30 से ज्यादा जिलों में झमाझम, इंदौर में सबसे ज्यादा 59 मिमी बारिश, भोपाल में 35 मिमी बरसे बादल

भोपाल (ए.) । मध्यप्रदेश में मानसून पूरी तरह सक्रिय हो गया है। शुक्रवार को प्रदेश के 30 से अधिक जिलों में हल्की से तेज बारिश दर्ज की



गई। सबसे ज्यादा बारिश इंदौर में 59 मिमी रिकॉर्ड हुई। इसके बाद मंडला में 44 मिमी, भोपाल में 35 मिमी, मलांजखंड में 30 मिमी, दतिया में 23 मिमी, बैतूल में 22 मिमी, नर्मदापुरम में 20 मिमी और रतलाम में 19 मिमी वर्षा हुई। लगातार बारिश के कारण प्रदेश के अधिकांश शहरों में तापमान सामान्य से नीचे पहुंच गया और लोगों को गर्मी व उमस से राहत मिली।

**इन जिलों में सबसे ज्यादा बारिश**

मौसम विभाग के शाम 5:30 बजे तक के आंकड़ों के मुताबिक इंदौर में 59 मिमी बारिश दर्ज की गई। मंडला में 44 मिमी, भोपाल में 35 मिमी, मलांजखंड में 30 मिमी, दतिया में 23 मिमी, बैतूल में 22 मिमी, नर्मदापुरम में 20 मिमी, रतलाम में 19 मिमी, धार में 12 मिमी, दमोह में 10 मिमी, पचमढ़ी में 10 मिमी, खजुराहो और जबलपुर में 7-7 मिमी, सागर, उमरिया और सिवपुरी में 6-6 मिमी, गुना और नरसिंहपुर में 4-4 मिमी, ग्वालियर, छिंदवाड़ा और चंदेरी क्षेत्र में 3 मिमी के आसपास बारिश रिकॉर्ड की गई।

**भोपाल का मौसम हुआ सुहाना**

राजधानी भोपाल में पिछले 24 घंटे में 17.8 मिमी और शुक्रवार सुबह से शाम 5:30 बजे तक 35 मिमी बारिश हुई। बारिश के कारण अधिकतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से करीब 4.6 डिग्री कम रहा। हवा में नमी 97 प्रतिशत तक पहुंच गई।

# सोनम को फिलहाल राहत, सुप्रीम कोर्ट ने जमानत पर रोक लगाने से किया इनकार




नई दिल्ली (ए.)। राजा रघुवंशी हनीमून मर्डर केस में मुख्य आरोपी सोनम रघुवंशी को मिली जमानत पर सुप्रीम कोर्ट ने फिलहाल रोक लगाने से इनकार कर दिया है। हालांकि शीर्ष अदालत ने पहली नजर में हाईकोर्ट के फैसले पर सवाल भी उठाए हैं। अदालत ने कहा कि हाईकोर्ट के फैसले पर कुछ प्रारंभिक टिप्पणियां हैं, लेकिन चूंकि सोनम पहले ही जेल से रिहा हो चुकी हैं, इसलिए इस स्तर पर जमानत पर रोक नहीं लगाई जा सकती। साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने मेघालय सरकार की याचिका पर नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

सुनवाई के दौरान मेघालय सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने हाईकोर्ट के फैसले को बेहद चौंकाने वाला बताया। उन्होंने अदालत को बताया कि यह मामला एक सुनियोजित हत्या का है, जिसमें हनीमून पर गए राजा रघुवंशी की हत्या कर शव को गहरी खाई में फेंक दिया गया था। उनके अनुसार, इस वारदात में सोनम समेत अन्य आरोपी भी शामिल थे। उन्होंने यह भी कहा कि हत्या के बाद सोनम फरार हो गई थीं और बाद में उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार की गई थीं। सरकार ने अदालत को यह भी बताया कि मामले में 94 गवाह हैं और मुकदमे की सुनवाई जारी है।

**क्या टाइपिंग की गलती जमानत का आधार बन गई?**

सॉलिसिटर जनरल ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि हाईकोर्ट ने केवल इस आधार पर सोनम को जमानत दी कि गिरफ्तारी दस्तावेजों में भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) की जगह गलती से धारा 403(1) लिख दी गई थी। उन्होंने कहा कि भारतीय न्याय संहिता में धारा 403 अस्तित्व में ही नहीं है और यह सिर्फ टाइपिंग की त्रुटि थी। मजिस्ट्रेट ने गिरफ्तारी के समय आरोपी को हत्या के आरोप और गिरफ्तारी के आधार स्पष्ट रूप से बताए थे। इसलिए केवल एक तकनीकी गलती के आधार पर जमानत देना उचित नहीं माना जा सकता।

**सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले पर क्या टिप्पणी की?**

सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति एम.एम. सुंदरश ने कहा कि पहली नजर में हाईकोर्ट के फैसले को लेकर अदालत के मन में कुछ सवाल हैं। उन्होंने आरोपी पक्ष से पूछा कि जब पहले की जमानत याचिकाओं में गिरफ्तारी के आधार नहीं बताए जाने का मुद्दा नहीं उठाया गया, तो बाद में अचानक यही आधार कैसे बना। अदालत ने यह भी पूछा कि क्या केवल गलत धारा लिखे जाने के कारण जमानत देना सही था, जबकि पहले मेरिट के आधार पर राहत से इनकार किया जा चुका था। हालांकि अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि चूंकि सोनम पहले ही रिहा हो चुकी हैं, इसलिए फिलहाल जमानत पर रोक लगाने का आदेश नहीं दिया जाएगा।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने श्री अमरनाथ यात्रा के शुभारंभ पर श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दीं




भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने श्री अमरनाथ की पावन यात्रा के शुभारंभ पर समस्त श्रद्धालुओं और बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए जाने वाले तीर्थ यात्रियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने संदेश में कहा है कि बाबा बर्फानी आस्था, भक्ति और सनातन संस्कृति के गौरव का प्रतीक हैं। बाबा बर्फानी की असीम कृपा से यह पावन यात्रा सभी श्रद्धालुओं के लिए मंगलमय, सुरक्षित और पुण्यदायी हो। देवादिदेव महादेव सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार करें और सभी के मनोरथ पूर्ण हों, यही कामना है।

## राम मंदिर चंदा चोरी पर आरएसएस ने पहली बार बयान दिया, कहा-राम भक्तों की भावना को आघात पहुंचा

नईदिल्ली (आरएनएस)। अयोध्या के राम मंदिर में हुई चंदा चोरी के मामले में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) का पहली बार बयान आया है। आरएसएस के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने एक्स पर हिंदी और अंग्रेजी में जारी एक वीडियो में कहा कि दान पात्रों में जमा राशि की चोरी की दुर्भाग्यपूर्ण घटना से समाज और राम भक्तों की भावनाको आघात पहुंचा है और सभी आहत हैं। उन्होंने जांच में दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

होसबाले ने आगे कहा, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के आग्रह पर उत्तर प्रदेश सरकार ने विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन कर उसकी अनुशंसा पर क़ानूनी प्रक्रिया प्रारंभ की है। उन्होंने कहा कि आरएसएस और समाज की ट्रस्ट से अपेक्षा है कि घटना को असाधारण मान गंभीर कदम उठाए ताकि लोगों की आस्था बनी रहे। उन्होंने कहा कि वर्तमान भ्रम और असमंजस की स्थिति समाप्त होनी चाहिए।

उन्होंने कहा, मौजूदा उलझन और अनिश्चितता खत्म होनी चाहिए. इस नज़रिए से, हमारी उम्मीद है कि मंदिर मैनेजमेंट और बनाई गई स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम सभी जरूरी कदम उठाएगी. हमें विश्वास है कि सही फाइनेंशियल मैनेजमेंट, बिना किसी रुकावट के, पारदर्शी सिस्टम के साथ काम



करने और पवित्रता, पवित्रता और गहरी धार्मिकता से भरे माहौल के ज़रिए, श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट हिंदू समाज की आस्था और भरोसे को मज़बूत करता रहेगा.

## ई-रिक्शा बंद करने वाले बीएटी-बीएमएस और अन्य ऐप्स पर सरकार ने लगाया प्रतिबंध

नईदिल्ली (आरएनएस)। केंद्र सरकार ने बीएटी-बीएमएस और इपोच ली-आयन नाम के दो मोबाइल ऐप्स को गूगल प्ले स्टोर और ऐपल ऐप स्टोर से हटाने का आदेश दिया है। इन ऐप्स के जरिए दिल्ली में कई ई-रिक्शा को दूर से बंद किए जाने की शिकायतें सामने आई थीं। सरकार का कहना है कि इनका गलत इस्तेमाल लोगों को परेशानी में डाल रहा था। इसी वजह से इन ऐप्स को हटाने का फैसला लिया गया, ताकि ऐसे मामलों पर रोक लगाई जा सके।




## भाई ने मिटाया बहन का सिंदूर: बीवी को मनाने गया था पति, साले ने पेट्रोल डाल लगा दी आग

तरनतारन (ए.) । अमृतसर जिले के गांव लोपोके निवासी लवप्रीत सिंह अपनी पत्नी संदीप कौर को मनाने के लिए उसके मायके गांव संघा पहुंचे थे। इसी दौरान दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हो गई। आरोप है कि गुस्से में आए साले साजन सिंह ने लवप्रीत सिंह पर तेल डालकर आग लगा दी। पंजाब के तरनतारन जिले के गांव संघा में शुक्रवार को एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां पत्नी को मनाने उसके मायके पहुंचे युवक पर उसके साले ने कथित तौर पर तेल डालकर आग लगा दी। इस भयावह घटना में युवक की मौत हो गई, जबकि उसे बचाने के लिए आगे आई आरोपी की भाभी भी गंभीर रूप से झुलस गईं और इलाज के दौरान उनकी भी मौत हो गई।



**साजन ने लवप्रीत पर तेल डालकर लगा दी आग**

जानकारी के अनुसार, अमृतसर जिले के गांव लोपोके निवासी लवप्रीत सिंह अपनी पत्नी संदीप कौर को मनाने के लिए उसके मायके गांव संघा पहुंचे थे। इसी दौरान दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हो गई। आरोप है कि गुस्से में आए साले साजन सिंह ने लवप्रीत सिंह पर तेल डालकर आग लगा दी।

## तमिलनाडु के मुख्यमंत्री विजय के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने पर डीएमके विधायक राधाकृष्णन गिरफ्तार



थूथुकुडी, (आरएनएस)। मद्रास हाईकोर्ट ने आज सुबह डीएमके विधायक अनीता राधाकृष्णन की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी. उन पर मुख्यमंत्री विजय के खिलाफ कथित तौर पर अपमानजनक टिप्पणी करने का केस दर्ज किया गया था. ऐसे में पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

डीएमके की तरफ से 20 जून को तिरुचेंदूर के पास अट्टूर बागुटी में पूर्व मुख्यमंत्री करुणानिधि के जन्मदिन के मौके पर एक पब्लिक मीटिंग हुई. मीटिंग में तिरुचेंदूर सीट से डीएमके विधायक अनीता राधाकृष्णन ने मुख्यमंत्री विजय की कड़ी आलोचना करते हुए कहा था, मुख्यमंत्री विजय फिल्म इंडस्ट्री वाली सोच में हैं. ऐसे में टीवीके के सिटी सेक्रेटरी सेल्वम ने विजय के खिलाफ एकतरफा और बदनाम करने वाले तरीके से बात करने के लिए अट्टूर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई।

इस शिकायत के आधार पर अट्टूर पुलिस ने विधायक अनीता राधाकृष्णन के खिलाफ केस दर्ज किया. अनीता राधाकृष्णन ने मद्रास हाई कोर्ट में एंटीसिपेटरी बेल के लिए एक पिटीशन दायर की थी क्योंकि पुलिस इस मामले में उन्हें कभी भी गिरफ्तार कर सकती थी।

इसमें उन्होंने कहा कि उन्होंने एक विपक्षी विधायक के तौर पर जनता की नाराजगी और रूलिंग पार्टी के कामों के विरोध के बारे में बात की थी, और उनके पॉलिटिकल विचारों को सीरियसली लेने के बजाय, पॉलिटिकल वजहों से उनके खिलाफ केस दर्ज किया गया था।

यह केस आज जज जी.के. इलैंडिरियन के सामने सुनवाई के लिए आया. उस समय उनकी तरफ से पेश सीनियर वकील अनीता राधाकृष्णन ने दलील दी, पुलिस ने केस दर्ज करने के लिए अपनी पावर का गलत इस्तेमाल किया. उन्होंने सिर्फ सरकार की एडमिनिस्ट्रेटिव कमियों के बारे में बात की है. उन्होंने किसी का पर्सनली जिक्र नहीं किया. चूंकि डिफेमेशन केस फाइल करने का कोई बेसिस नहीं है, इसलिए केस कैंसल कर देना चाहिए।

## दिल्ली पुलिस का ड्रग्स तस्करी नेटवर्क पर बड़ा एक्शन, 9 करोड़ के चरस बरामद; तीन नेपाली नागरिक गिरफ्तार

नई दिल्ली (आरएनएस)। राजधानी दिल्ली में दक्षिण जिला पुलिस की स्पेशल स्टाफ टीम ने एक अंतरराष्ट्रीय ड्रग्स तस्करी नेटवर्क का पर्दाफाश करने का दावा किया है. पुलिस ने करीब 9 करोड़ रुपये कीमत की 8.598 किलो हाई क्वालिटी चरस बरामद करते हुए तीन नेपाली नागरिकों को गिरफ्तार किया है. शुरुआती जांच में सामने आया है कि यह नेटवर्क भारत-नेपाल सीमा के रास्ते चरस दिल्ली लाकर व्हाट्सएप के जरिए दिल्ली-एनसीआर में सप्लाई करता था।

दिल्ली पुलिस की स्पेशल स्टाफ टीम को सूचना मिली थी कि कोटला मुबारकपुर इलाके में रहने वाले कुछ लोग बड़े पैमाने पर चरस की तस्करी कर रहे हैं. सूचना मिलने के बाद पुलिस ने कई दिनों तक निगरानी की और फिर 29 जून को आरोपियों के ठिकाने पर छापेमारी की. कार्रवाई के दौरान पुलिस ने तीन नेपाली नागरिकों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 8 किलो 598 ग्राम हाई क्वालिटी चरस बरामद की. पुलिस के मुताबिक, अंतरराष्ट्रीय अवैध बाजार में इस चरस की कीमत करीब 9 करोड़ रुपये आंकी गई है।

भरत थापा, गोविंद बुढ़ा और ज्योति पुन मगर के रूप में गिरफ्तार आरोपियों की पहचान हुई है. जांच में सामने आया कि ज्योति पुन मगर इस नेटवर्क का मुख्य सप्लायर था, जो भारत-नेपाल सीमा के सोनौली बॉर्डर से चरस दिल्ली लाता था. इसके बाद भरत थापा और गोविंद बुढ़ा दिल्ली-एनसीआर के अलग-अलग इलाकों में इसकी सप्लाई करते थे।

# PHE कर्मचारी से मांगे एक करोड़, दुष्कर्म केस की धमकी देकर पहले ही वसूले तीन लाख



अशोकनगर (ए.)। अशोकनगर कोतवाली क्षेत्र में रिश्तों में भरोसे की आड़ में ब्लैकमेलिंग का सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में पदस्थ एक कर्मचारी को उसी के घर में खाना बनाने वाली महिला ने झूठे दुष्कर्म केस में फंसाने की धमकी देकर एक करोड़ रुपये की मांग कर डाली। हैरानी की बात यह है कि आरोपी महिला पहले भी डरा-धमकाकर कर्मचारी से करीब तीन लाख रुपये वसूल चुकी है। तंग आकर पीड़ित ने कोतवाली पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर मोबाइल जब्त कर लिया है।

कोतवाली थाने में दर्ज शिकायत के मुताबिक पीड़ित कर्मचारी मूल रूप से दतिया का रहने वाला है और वर्तमान में अशोकनगर पीएचई विभाग में पदस्थ है। करीब डेढ़ साल पहले रजनी मेर नाम की महिला उसके घर में खाना बनाने का काम करने लगी। शुरुआती दिनों में महिला ने अपनी पारिवारिक मजबूरियां गिनाईं। उसने बताया कि पति से तलाक हो चुका है और तीन बच्चों की परवरिश अकेले कर रही है। कर्मचारी ने इंसानियत के नाते उसकी मदद कर दी। इसी सहानुभूति को महिला ने हथियार बना लिया।

कुछ समय बाद महिला का व्यवहार बदलने लगा। वह कर्मचारी के मोबाइल पर आपत्तिजनक संदेश भेजने लगी और धीरे-धीरे नजदीकियां बढ़ाने का प्रयास करने लगी। बातचीत का सिलसिला मुलाकातों तक पहुंच गया। इसी दौरान महिला ने चुपके से कर्मचारी के साथ आपत्तिजनक फोटो और वीडियो बना लिए। पीड़ित को तब तक इस जाल का अंदाजा नहीं था।

फोटो-वीडियो हाथ लगते ही महिला का असली चेहरा सामने आ गया। उसने पहले छोटे-मोटे खर्चों के नाम पर पैसे मांगने शुरू किए। कर्मचारी ने लोकलाज के डर से रकम दे दी। लेकिन महिला की मांग बढ़ती चली गई। एक बार में उसने तीन लाख रुपये तक वसूल लिए। इतना ही नहीं, वह कर्मचारी की पत्नी से भी विवाद और झगड़ा करने लगी, ताकि दबाव और बढ़ सके।

पिछले सप्ताह महिला ने सारी हदें पार कर दीं। उसने फोन कर कर्मचारी से सीधे एक करोड़ रुपये की मांग कर दी। साथ ही धमकी दी कि अगर रकम नहीं मिली तो वह थाने जाकर दुष्कर्म का झूठा मुकदमा दर्ज करा देगी। लगातार मिल रही धमकियों और ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर आखिरकार कर्मचारी ने हिम्मत जुटाई और शुक्रवार को कोतवाली थाने पहुंचकर पूरी आपबीती सुनाई।

शिकायत को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने तत्काल कार्रवाई की। आरोपी महिला रजनी मेर को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। पुलिस ने उसका मोबाइल फोन भी जब्त कर लिया है, जिसमें ब्लैकमेलिंग से जुड़े मैसेज और वीडियो होने की आशंका है। पुलिस मोबाइल की फॉरेंसिक जांच करवा रही है ताकि डिजिटल सबूत जुटाए जा सकें।

कोतवाली पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक जांच में ब्लैकमेलिंग की पुष्टि हुई है। आरोपी महिला ने पहले भी पैसे वसूले थे और अब एक करोड़ की मांग कर रही थी। मामले में आईटी एक्ट सहित ब्लैकमेलिंग और वसूली की धाराओं में केस दर्ज किया गया है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि महिला ने इस तरह किसी और को तो अपना शिकार नहीं बनाया।

## दो परिवारों की रंजिश में उजड़ गई मां की कोख, मारपीट के बाद गर्भ में पल रहे जुड़वा बच्चों की मौत

गुना (ए.)। कैंट थाना क्षेत्र के किशनगढ़ मोहल्ले में गुरुवार शाम पुराने विवाद ने ऐसा हिंसक रूप लिया कि दो परिवारों की रंजिश की सबसे बड़ी कीमत एक गर्भवती महिला को चुकानी पड़ी। लाठी-डंडों से हुई मारपीट में जमीन पर गिरी पांच माह की गर्भवती राजकुमारी लोधा के गर्भ में पल रहे जुड़वा बच्चों की मौत हो गई। देर रात प्रसव पीड़ा उठने पर अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने दोनों भ्रूण मृत घोषित कर गर्भपात कराया। इस हृदयविदारक घटना के बाद पूरे इलाके में तनाव फैल गया है और जिला अस्पताल के प्रसूति वार्ड में भर्ती महिला का रो-रोकर बुरा हाल है।

**पुरानी रंजिश ने लिया खूनी मोड़**

जानकारी के मुताबिक, गुरुवार शाम किशनगढ़ में सोनू लोधा और रामस्वरूप लोधा पक्ष के बीच पुरानी कहासुनी को लेकर बहस छिड़ गई। बात इतनी बढ़ी कि देखते ही देखते दोनों ओर से लोग लाठी-डंडे लेकर



आमने-सामने आ गए। मोहल्ले की तंग गलियां कुछ ही मिनटों में चीख-पुकार और अफरा-तफरी से गूंज उठीं। इस खूनी संघर्ष में दोनों पक्षों के करीब सात लोग लहूलुहान हो गए, जिन्हें आनन-फानन में जिला अस्पताल पहुंचाया गया।

**दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर लगाए गंभीर आरोप**

पहले पक्ष के सोनू लोधा का आरोप है कि रामस्वरूप लोधा के पिता पिछले कई दिनों से जातिसूचक गालियां दे रहे थे। गुरुवार को जब इसी बात पर चर्चा हो रही थी, तभी रामस्वरूप अपने परिवार के साथ लाठी-डंडे लेकर टूट पड़ा। हमले में वह स्वयं, उसकी गर्भवती पत्नी और परिवार के अन्य सदस्य घायल हो गए।

वहीं, दूसरे पक्ष के रामस्वरूप लोधा ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया। उनका कहना है कि सोनू लोधा अपने साथियों के साथ उनके घर आया और गाली-गलौज करते हुए हमला बोल दिया। मारपीट में उनके परिवार के संजय लोधा की पांच माह की गर्भवती पत्नी राजकुमारी को गंभीर चोटें आईं।

## दो अज्ञात लोगों के शव मिलने से बागेश्वर धाम में सनसनी, प्रवचन पंडाल के नीचे मिले शव



छतरपुर (ए.)। जिले के बमीठा थाना क्षेत्र स्थित बागेश्वर धाम के गढ़ा गांव में शुक्रवार सुबह दो अज्ञात व्यक्तियों के शव मिलने से सनसनी फैल गई। दोनों शव प्रवचन पंडाल के नीचे पड़े मिले। सूचना मिलते ही बमीठा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का पंचनामा बनाकर शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए राजनगर स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया।




पुलिस के मुताबिक, मृतकों में एक व्यक्ति की उम्र करीब 35 वर्ष और दूसरे की उम्र लगभग 60 वर्ष आंकी जा रही है। फिलहाल दोनों की पहचान नहीं हो सकी है। शवों को राजनगर स्वास्थ्य केंद्र में पहचान के लिए सुरक्षित रखा गया है। बमीठा थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि दोनों की मौत किन परिस्थितियों में हुई और उनकी पहचान क्या है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारण स्पष्ट हो सकेंगे।

**10वीं की छात्रा ने जहर खाकर दी जान**

जिले में 15 वर्षीय छात्रा द्वारा जहरीला पदार्थ सल्फास खाकर आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। गंभीर हालत में परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्रारंभिक जानकारी में परिजन पढ़ाई के दबाव और मानसिक तनाव की बात कह रहे हैं, हालांकि मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि जांच के बाद ही होगी। जानकारी के अनुसार, मृतका नंदिनी अहिरवार (15) पिता बालादीन अहिरवार, ग्राम गुरैया, थाना सिविल लाइन की निवासी थी। वह गांव के सरकारी स्कूल में कक्षा 10वीं की छात्रा थी। बताया जा रहा है कि उसने घर में रखा सल्फास खा लिया, जिससे उसकी तबीयत बिगड़ गई। परिजन तत्काल उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। मामले की जांच कर रहे सिविल लाइन थाना के एएसआई सीताराम अहिरवार ने बताया कि मृतका की मां के अनुसार नंदिनी पढ़ाई में कमजोर थी। परिवार उसे पढ़ाई पर ध्यान देने के लिए समझाता था। इसी बात को लेकर वह मानसिक तनाव में रहती थी। आशंका है कि इसी के चलते उसने जहरीला पदार्थ खा लिया।

## तेरे जैसे हजार कर लूंगीः पत्नी ने उकसाया तो पति ने सिर पर पत्थर मारकर की हत्या, अब हाईकोर्ट ने कम कर दी सजा

जबलपुर (ए.)। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने पत्नी की हत्या के एक मामले में महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए आरोपी की उम्रकैद की सजा को घटाकर सात वर्ष के कठोर कारावास में बदल दिया है। न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल और न्यायमूर्ति अवनिंद्र कुमार सिंह की खंडपीठ ने माना कि घटना पूर्व नियोजित नहीं थी, बल्कि पत्नी के कथित अपमानजनक शब्दों से उत्पन्न अचानक और गंभीर उकसावे के कारण हुई थी। ऐसे में यह मामला हत्या की बजाय गैर-इरादतन मानव वध की श्रेणी में आता है।




अभियोजन के अनुसार, 18 सितंबर 2021 को छिंदवाड़ा जिले के चौरई ब्लॉक निवासी शिवा कहार ने अपनी पत्नी किरण की हत्या कर दी थी। घटना के समय किरण सात माह की गर्भवती थी। दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इसी दौरान किरण ने कथित तौर पर कहा था, "तेरे जैसे हजार पति कर लूंगी।" आरोपी के अनुसार, यह बात सुनकर वह अचानक अपना आपा खो बैठा और पास में पड़ा पत्थर उठाकर पत्नी के सिर पर मार दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

**छिंदवाड़ा अदालत ने सुनाई थी उम्रकैद की सजा**

घटना के बाद आरोपी फरार नहीं हुआ। उसने स्वयं अपने ससुर और संबंधित पुलिस थाने को फोन कर घटना की जानकारी दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। मामले की सुनवाई के बाद छिंदवाड़ा जिला न्यायालय ने शिवा कहार को दोषी ठहराते हुए भारतीय दंड संहिता की धारा 304 (भाग-1) के तहत आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। इस फैसले को आरोपी ने हाईकोर्ट में चुनौती दी।

## ममलेश्वर मंदिर की दान राशि पर उठे सवाल, एक साल से सार्वजनिक नहीं हुआ आय-व्यय का हिसाब

ओंकारेश्वर (ए.)। ओंकारेश्वर के नर्मदा के दक्षिणी तट पर विराजित भगवान ममलेश्वर ज्योतिर्लिंग में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु दर्शन, पूजन एवं नर्मदा स्नान के लिए पहुंचते हैं। श्रद्धालु अपनी श्रद्धा के अनुरूप मंदिर में स्थापित दान पेटियों में दान करते हैं, लेकिन पिछले लगभग एक वर्ष से इन दान पेटियों में एकत्र हो रही राशि के संबंध में सार्वजनिक जानकारी उपलब्ध नहीं होने से पारदर्शिता को लेकर सवाल उठने लगे हैं।

मंदिर का संरक्षण एवं रखरखाव भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा किया जाता है, जबकि देवी अहिल्याबाई होलकर की परंपरा के अनुसार आज भी भगवान की तीनों समय की पूजा, आरती एवं धार्मिक व्यवस्थाओं का निर्वहन किया जा रहा है।

**एक वर्ष पूर्व ममलेश्वर मंदिर में दान पेटियां लगवाई गईं थी**

लगभग एक वर्ष पूर्व खंडवा जिला प्रशासन के निर्देश पर तत्कालीन पुनासा एसडीएम शिवम प्रजापति के कार्यकाल में ममलेश्वर मंदिर में दान पेटियां स्थापित कर मंदिर प्रबंधन समिति का गठन किया गया था। उद्देश्य यह बताया गया था कि श्रद्धालुओं से प्राप्त दान राशि का उपयोग मंदिर परिसर के विकास, श्रद्धालुओं की सुविधाओं तथा व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने में किया जाएगा।

**कितना चढ़ावा आता इसकी जानकारी नहीं**

अब मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्य, संत समाज तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने दान राशि के आय-व्यय का सार्वजनिक विवरण जारी करने की मांग उठाई है। उनका कहना है कि प्रत्येक माह दान पेटियां खोली जाती हैं, लेकिन अब तक यह जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई कि कुल कितनी राशि प्राप्त हुई, वह किस बैंक खाते में जमा की गई और उसका उपयोग किन कार्यों में किया गया।धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों का भी मानना है कि मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा अर्पित प्रत्येक रुपये का पारदर्शी लेखा-जोखा समय-समय पर सार्वजनिक किया जाना चाहिए। इससे श्रद्धालुओं का विश्वास और मजबूत होगा तथा किसी प्रकार की भ्रांति या विवाद की स्थिति भी उत्पन्न नहीं होगी।




**'दान राशि का पूरा आय-व्यय सार्वजनिक किया जाना चाहिए'**

महंत मंगलदास त्यागी ने कहा कि श्रद्धालुओं की आस्था से प्राप्त दान जनता की अमानत है। इसलिए दान राशि का पूरा आय-व्यय सार्वजनिक किया जाना चाहिए, जिससे श्रद्धालुओं का विश्वास और मजबूत हो। उन्होंने कहा कि ममलेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर में प्राप्त दान राशि का उपयोग श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए किया जाना चाहिए। चूंकि मंदिर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अधीन है, इसलिए वहां किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य बिना अनुमति के नहीं किया जा सकता।

**दान व्यवस्था में पूर्ण पारदर्शिता हो-दूल्हे सिंह**

दूल्हे सिंह दरबार (सदस्य, ममलेश्वर मंदिर प्रबंधन समिति) ने कहा कि दान पेटियां प्रत्येक माह खोली जाती हैं और चढ़ावे की राशि की जानकारी मौखिक रूप से दी जाती है, लेकिन कुल राशि, बैंक खाते, जमा प्रक्रिया और व्यय का विस्तृत विवरण समिति के सदस्यों को भी उपलब्ध नहीं कराया जाता। केवल मोबाइल पर एसएमएस आता है कि 15 लाख या 16 लाख रुपये प्राप्त हुए हैं। उन्होंने दान व्यवस्था में पूर्ण पारदर्शिता की मांग की।

**'पारदर्शिता लोकतांत्रिक जवाबदेही का महत्वपूर्ण हिस्सा'**

भाजपा नगर अध्यक्ष संतोष वर्मा ने कहा कि यदि मंदिर प्रबंधन समिति गठित है, तो उसके सदस्यों, बैठकों, दान राशि, व्यय तथा शेष राशि का विवरण समय-समय पर सार्वजनिक किया जाना चाहिए।

# व्यापार समाचार

## अमेरिकी जॉब डेटा से सोना-चांदी की कीमतों में तेजी

## सोना 1,47,551 प्रति 10 ग्राम, चांदी 2,37,859 रुपये प्रति किलोग्राम

नई दिल्ली (ए.)। अमेरिका से आए कमजोर रोजगार आंकड़ों के बाद सोने और चांदी की कीमतों में शुक्रवार को वैश्विक और घरेलू दोनों बाजारों में जोरदार तेजी दर्ज की गई। निवेशकों ने मंदी की आशंका के बीच सुरक्षित निवेश के तौर पर इन बहुमूल्य धातुओं का रुख किया, जिससे शुक्रवार को इनके भाव तेजी के साथ खुले। कॉमेक्स पर सोना 4,200 डॉलर और चांदी 63 डॉलर तक उछल गई, जबकि घरेलू मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर भी इनके वायदा भाव में रिकॉर्ड बढ़त देखी गई। अमेरिका में कमजोर जॉब डेटा के खुलासे के बाद बहुमूल्य धातुओं ने शुक्रवार को वैश्विक और घरेलू दोनों बाजारों में नई ऊंचाईयां छू लीं। निवेशक अब सुरक्षित निवेश विकल्पों की ओर रुख कर रहे हैं, जिसका सीधा फायदा सोना और चांदी को मिल रहा है। घरेलू मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने और चांदी के वायदा भाव में जबरदस्त तेजी का माहौल रहा। खबर लिखे जाने के समय, सोने का अगस्त वायदा अनुबंध 1,932 रुपये की बढ़त के साथ 1,47,551 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा था, जिसने दिन में 1,47,800 रुपये का उच्च स्तर छुआ। यह बेंचमार्क अनुबंध इस साल 1,80,779 रुपये का अपना सर्वोच्च स्तर भी बना चुका है। वहीं, चांदी का सितंबर वायदा अनुबंध 4,555 रुपये की तेजी के साथ 2,37,859 रुपये



प्रति किलोग्राम पर ट्रेड कर रहा था। इसने दिन का उच्च स्तर 2,38,216 रुपये छुआ, जबकि इस साल का उच्चतम स्तर 4,20,048 रुपये प्रति किलोग्राम रहा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में उछाल जारी रहा। न्यूयॉर्क के कॉमेक्स पर सोना 68.50 डॉलर की तेजी के साथ 4,194.20 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जिसने पहले ही 4,200 डॉलर का आंकड़ा छू लिया था। इस साल सोने का सर्वोच्च स्तर 5,586.20 डॉलर प्रति औंस रहा है। चांदी भी 1.84 डॉलर की बढ़त के साथ 62.90 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई, जबकि यह 63 डॉलर के स्तर तक चढ़ चुकी थी। चांदी ने इस साल 121.79 डॉलर प्रति औंस का उच्चतम स्तर दर्ज किया है। विशेषज्ञों का मानना है कि वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता और कमजोर अमेरिकी डेटा सोने-चांदी को और ऊपर ले जा सकता है।

## शाओमी कर रही अगली शाओमी 18 सीरीज पर काम

नई दिल्ली (ए.)। शाओमी अपनी अगली फ्लैगशिप शाओमी 18 सीरीज पर काम कर रही है। लेटेस्ट लीक्स के मुताबिक, शाओमी 18 में पिछले मॉडल की तुलना में बड़ी बैटरी मिलेगी, साथ ही 200 मेगापिक्सल का कैमरा और 2के डिस्प्ले जैसे प्रीमियम फीचर्स भी शामिल होंगे। जाने-माने चीनी टिप्स्टर डिजिटल चैट स्टेशन के अनुसार, शाओमी 18 के इंजीनियरिंग प्रोटोटाइप में 7,200 एमएएच की बैटरी दी गई है। अगर यह जानकारी सही साबित होती है, तो यह शाओमी 17 में दी गई 7,000 एमएएच की बैटरी से 200 एमएएच अधिक होगी। शाओमी का लक्ष्य कॉम्पैक्ट डिजाइन बनाए रखते हुए बैटरी क्षमता बढ़ाना है। डिस्प्ले की बात करें तो, इसमें 6.4 इंच का 2के डिस्प्ले मिलने की उम्मीद है, जिसमें 19.5:9 आस्पेक्ट रेशियो और पतले बेज़ेल्स होंगे, जिससे फोन का डिजाइन प्रीमियम दिखेगा। फोटोग्राफी के लिए, फोन में 200 मेगापिक्सल का प्राइमरी कैमरा दिया जा सकता है, जिसमें 1/1.28-इंच का बड़ा सेंसर होगा। कुछ रिपोर्ट्स यह भी संकेत देती हैं कि शाओमी 18 सीरीज के कुछ मॉडल्स में डुअल 200 मेगापिक्सल कैमरा सेटअप भी देखने को मिल सकता है, जो कैमरा लवर्स के लिए एक बड़ी बात होगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, शाओमी 18 सीरीज को चीन में सितंबर में लॉन्च किया जा सकता है, ठीक वैसे ही जैसे पिछले साल शाओमी 17 सीरीज लॉन्च हुई थी। उस सीरीज में शाओमी 17, शाओमी 17 प्रो और शाओमी 17 प्रो मैक्स शामिल थे।

## पर्सनल लोन धारक की मौत पर ईएमआई का बोझ कौन उठाएगा? जानिए नियम

नई दिल्ली (ए.)। आजकल पर्सनल लोन की आसान उपलब्धता ने इसे एक लोकप्रिय वित्तीय साधन बना दिया है। लेकिन, क्या आपने कभी सोचा है कि अगर लोन लेने वाले का अप्रत्याशित निधन हो जाए तो बची हुई ईएमआई का भुगतान कौन करेगा? यह एक अहम सवाल है जिसका जवाब लोन की शर्तों, को-बॉरोअर और गारंटर की भूमिका पर निर्भर करता है। आम तौर पर, पर्सनल लोन अनसिक्योर्ड होते हैं, जिसका अर्थ है कि बैंक के पास कोई संपत्ति गिरवी नहीं होती। ऐसे में यदि मुख्य उधारकर्ता का निधन हो जाता है और परिवार का कोई सदस्य सह-आवेदक या गारंटर नहीं है, तो परिवार पर केवल रिश्तेदार होने के नाते बकाया चुकाने की कानूनी जिम्मेदारी नहीं आती। हालांकि, स्थिति तब बदल जाती है जब लोन में कोई सह-आवेदक (को-बॉरोअर) शामिल हो। मुख्य उधारकर्ता की मृत्यु के बाद बची हुई ईएमआई और बकाया राशि चुकाने की जिम्मेदारी पूरी तरह से को-बॉरोअर पर आ जाती है। इसी प्रकार,अगर लोन में किसी व्यक्ति ने गारंटर की भूमिका निभाई है, और मुख्य उधारकर्ता व को-बॉरोअर दोनों की ओर से भुगतान नहीं हो पाता, तो बैंक गारंटर से बकाया राशि की वसूली कर सकता है। यदि किसी पर्सनल लोन के बदले कोई संपत्ति (जैसे घर या सोना) गिरवी रखी गई है, तो बैंक वसूली के लिए कानूनी प्रक्रिया के तहत उस संपत्ति पर कार्रवाई कर सकता है।

## बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी; सेंसेक्स 262 अंक चढ़ा, निफ्टी 24250 के पार



नई दिल्ली (ए.)। घरेलू शेयर बाजार में हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन समापन हरे निशान पर हुआ। वैश्विक स्तर पर भू-राजनीतिक तनाव कम होने और फेडरल रिजर्व की ओर से ब्याज दरों में बढ़ोतरी की उम्मीदें घटने से घरेलू शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन बढ़त के साथ बंद हुए। इसके साथ ही, डॉलर इंडेक्स में गिरावट के चलते रुपये ने भी मुद्रा के मुकाबले शानदार वापसी की। हालांकि, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की लगातार बिकवाली ने बाजार पर दबाव बनाए रखा है।

**शेयर बाजार की इस तेजी के पीछे कौन से बड़े कारण रहे?**

सेंसेक्स 261.79 अंक (0.33%) चढ़कर 77,763.91 और निफ्टी 95.15 अंक (0.39%) की बढ़त के साथ 24,270.85 के स्तर पर बंद हुआ। बाजार की इस तेजी का नेतृत्व मुख्य रूप से आईटी, रियलिटी और फार्मा इंडेक्स ने किया, जिनमें से प्रत्येक में करीब 2त्न की बढ़त दर्ज की गई। हालांकि, ऑटो और पीएसयू बैंक इंडेक्स गिरावट के साथ बंद हुए। एनएसई पर कुल 1,823 शेयरों में तेजी और 1,513 शेयरों में गिरावट रही, जबकि 100 शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुए।

**डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपये को कैसे मिला सहारा?**

अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 14 पैसे मजबूत होकर 95.21 (अस्थायी) के स्तर पर बंद हुआ। गुरुवार को रुपया 19 पैसे टूटकर 95.35 पर बंद हुआ था। रुपया शुक्रवार को 95.16-95.35 के दायरे में रहा। डॉलर इंडेक्स भी अपने हालिया 15 महीने के उच्चतम स्तर 101.6 से गिरकर 100.75 पर आ गया। डॉलर इंडेक्स में नरमी और कच्चे तेल (ब्रेंट क्रूड) के 71.96 डॉलर प्रति बैरल पर रहने के बीच रुपये को मजबूती मिली। हालांकि, आयातकों और कॉर्पोरेट हेजर्स की मजबूत डॉलर मांग से रुपये पर दबाव बना रहा।

**क्या भारतीय रिजर्व बैंक डॉलर की भारी खरीद कर रहा है?**

विदेशी मुद्रा विशेषज्ञों के अनुसार, आयातकों की डॉलर मांग के बीच आरबीआई रुपये में उतार-चढ़ाव को नियंत्रित करने के लिए बाजार में सक्रिय है। आरबीआई अपने विदेशी मुद्रा भंडार को फिर से बढ़ाने के लिए लगातार डॉलर की खरीद कर रहा है। देश का विदेशी मुद्रा भंडार फरवरी के रिकॉर्ड स्तर 728.49 अरब डॉलर से घटकर वर्तमान में लगभग 672.6 अरब डॉलर पर आ गया है, जिसे दुरुस्त करने के लिए रिजर्व बैंक सक्रिय रूप से डॉलर खरीद रहा है।

**विदेशी निवेशकों की रिकॉर्ड बिकवाली क्या चिंता का विषय है?**

बाजार में तेजी के बीच विदेशी निवेशकों की रिकॉर्ड बिकवाली एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। जून में विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयरों से 49,340 करोड़ रुपये (5.16 अरब डॉलर) निकाले। इस बिकवाली की मुख्य वजह वैश्विक जोखिम, विकसित बाजारों के प्रति झुकाव, उच्च अमेरिकी बॉन्ड यील्ड और घरेलू बाजार का महंगा वैल्यूएशन रहा। सीडीएसएल के अनुसार, साल 2026 में विदेशी निवेशकों की निकासी बढ़कर 2.7 लाख करोड़ रुपये पहुंच चुकी है, जो साल 2025 की कुल 1.66 लाख करोड़ रुपये की निकासी से काफी अधिक है।

# गृह विज्ञान महाविद्यालय में खरीदी में गडबड़ी सामने आने पर नर्मदा महाविद्यालय में पूर्व में हुई खरीदी की भी होना चाहिए जांच




नर्मदापुरम (निप्र)। गृह विज्ञान महाविद्यालय में खरीदी में हुई गडबड़ी सामने आने पर नर्मदा महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य के समय में हुई खरीदी की निष्पक्ष जांच की भी मांग होने लगी है। क्योंकि सिर्फ एक ही महाविद्यालय में आई खेल सामग्री की ही जांच क्यों हुई। यहां पर नर्मदा महाविद्यालय में तो खेल प्रशाल की घोषणा पूर्व मुख्यमंत्री ने की थी। उसके बाद खेल प्रशाल तो पूरी ितरह नहीं बन सका। उसके टाइप का बनाने की कोशिश हुई है। ऐसी स्थिति में नर्मदा महाविद्यालय में भी खेल सामग्री की जमकर सामग्री की खरीदी होती रही है। गडबड़ी हुई या नहीं हुई उसका खुलासा तो जांच के बाद ही सामने आ सकता है। यदि पूर्व प्राचार्य सेवा निवृत्त हो चुके हैं तो खरीदी के कागजात तो कालेज में ही हैं। उनकी विस्तृत और गहन जांच होना ही चाहिए। इतना ही नहीं सिर्फ खेल सामग्री की ही क्यों कालेज में आने वाली पूरी सामग्री की जांच होनी चाहिए। कम से कम पांच वर्ष की तो होना ही चाहिए। उसके बिल बाउचर तथा आन लाइन जो खरीदी हुई है। उसका मिलान होना चाहिए। यूजीसी से जो ग्रांड आती रही उसकी जांच होना चाहिए। जिससे दूध का दूध और पानी का पानी सामने आ सके। क्योंकि कालेजों में बड़ी मात्रा में सामग्री क्रय की जाती है। उनकी क्वालिटी और समय सीमा का भी मिलान होना चाहिए। क्योंकि कालेज में उपयोग की जाने वाली जगह पर अनेक समाग्री बार बार बदली भी जाती रही है। जैसे प्राचार्य कक्ष में सोफे कुर्सी तथा अन्य कक्षों में आने वाली सामग्री कब कब और कैंसी आई इन सब की जांच होने से स्पष्ट हो सकेगा कि क्या नर्मदा महाविद्यालय में जो सामग्री आती रही उसमें कोई गडबडी हुई या नहीं।

# झमाझम मानसूनी बारिश ने किया तरबतर



नर्मदापुरम(निप्र)। मानसूनी बारिश का दौर शुरू हो गया है। रूक रूक कर कभी तेज कभी धीमी गति से बारिश हो रही है। लगातार बादल आते जाते बने रहे। सूर्यदेव की बादलों से लुकाछिपी होती रही। फिर दोपहर में घने बादल होना शुरू हो गए। शाम होने से पूर्व ही तेज बारिश होने लगी। शुक्रवार को दो बार झमाझम मानसूनी बारिश से कुछ देर गर्मी व उमस से राहत मिली। उसके बाद रात में फिर से उमस होने लगी । मौसम विभाग के अनुसार अभी इसी तरह की बारिश का दौर रूक रूक कर जारी रहेगा शुक्रवार से रविवार तक कुछ तेज बारिश के आसार बन रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी में बने कम दबाव से तेज बारिश की संभावना है। उन्होने बताया कि बंगाल की खाड़ी में लो-प्रेशर बन रहा है उसका असर तेज बारिश के रूप में दिखेगा। जिससे मप्र में दो दिन बाद तेज बारशि शुरू होगी जो रविवार तक होगी। इसके अलावा हल्की बारिश का दौर तो जारी रहेगा।

### हर दिन हो रही बिजली की गड़बड़ी काफी देर तक करना पड़ता है इंतजार

नर्मदापुरम(निप्र)। बीते अनेक दिनों से बिजली ने आंख मिचौली का नियम बना लिया है। शहर के अलग-अलग हिस्सों में अलग-अलग समय बिजली जाना है तो जाना है। कहीं सुबह, कहीं दोपहर के समय कहीं शाम के समय बिजली आ -जा रही है। गुरूवार को शाम के समय हाउसिंग बोर्ड क्षेत्र में शाम को बिजली गई तो रात में साड़ 8 बजे आई। इससे गर्मी और उमस का एहसास और अधिक हो रहा है। लोग कह रहे हैं कि बिजली कंपनी वालों को तो बहाना चाहिए यदि बारिश शुरू होती है तो उससे पूर्व ही बिजली चली जाती है। थोड़ी सी हवा चले तो भी बिजली गुल हो जाती है। बिन बारिश और बिन हवा के भी बिजली चली जाती है। बिल में कोई कटौती नहीं स्मार्ट मीटर लगा कर उपभोक्ताओं को ठगने का कार्य बिजली कंपनी के द्वारा किया जा रहा है। पूर्व की तुलना में अधिक बिल आ रहे हैं। जिससे उपभोक्ता खासे परेशान हैं।

# प्रदेश में पहली बार नर्मदापुरम से शुरू हुआ 'प्रोजेक्ट दामिनी'

## कलेक्टर सोमेश मिश्रा की अभिनव पहल, आकाशीय बिजली से बचाव के लिए जन-जागरूकता अभियान लॉन्च

नर्मदापुरम(निप्र)। मानसून के दौरान आकाशीय बिजली से होने वाली जन एवं पशुहानि को रोकने के उद्देश्य से नर्मदापुरम जिला प्रशासन ने प्रदेश में पहली बार प्रोजेक्ट दामिनी की शुरुआत की है। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट के रेवा सभा कक्ष से इस विशेष जन-जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया। यह अभियान कई चरणों में संचालित किया जाएगा, जिसके माध्यम से जिले के प्रत्येक गांव और घर तक आकाशीय बिजली से बचाव का संदेश पहुंचाया जाएगा। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने कहा कि नर्मदापुरम कृषि प्रधान जिला है, जहां मानसून के दौरान किसान खेतों में कार्य करते हैं। ऐसे समय में आकाशीय बिजली गिरने का खतरा अधिक रहता है। उन्होंने कहा कि जन-जागरूकता और समय रहते सावधानी ही इस प्राकृतिक आपदा से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है। इसी उद्देश्य से जिले में व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इस अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा अभियान के मैस्कॉट इलेक्ट्रा को भी लॉन्च किया गया, जो अभियान के दौरान जन-जागरूकता का प्रमुख माध्यम बनेगा।

उन्होंने बताया कि अभियान के प्रथम चरण में व्यापक जागरूकता अभियान चलाकर आकाशीय बिजली से बचाव के उपायों की जानकारी दी जाएगी। साथ ही प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षण तथा जनसंचार माध्यमों से प्रचार प्रसार एवं जिला स्तरीय कार्यशालाएं आयोजित की जाएगी। इसमें स्कूली विद्यार्थियों को भी शामिल किया गया है, ताकि वे अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी जागरूक कर सकें। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का लक्ष्य वज्रपात से होने वाली जनहानि, पशुहानि एवं आर्थिक नुकसान को न्यूनतम करना है। द्वितीय चरण में जनपद पंचायत के सभी गांव में जागरूकता कार्यक्रम तथा स्थानीय प्रशासन और पंचायत सदस्यों को प्रशिक्षण ब्लॉक लेवल प्रशिक्षण तथा स्थानीय संसाधनों का उपयोग करके कार्यक्रम का संचालन किया जाएगा। अभियान के तृतीय चरण में प्रत्येक गांव में सीधे जनता को जागरूक किया जाएगा साथ ही ग्राम स्तरीय प्रशिक्षण और कार्यशालाएं तथा आपातकालीन प्रतिक्रिया दल का गठन कर स्थानीय संसाधनों का उपयोग करके बचाव व्यवस्था को सुनिश्चित किया जाएगा।




दामिनी एप से मिलेगी वज्रपात की जानकारी

कार्यशाला में भारत सरकार के पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय द्वारा विकसित दामिनी ऐप के उपयोग की विस्तृत जानकारी दी गई। बताया गया कि यह ऐप उपयोगकर्ता के स्थान से लगभग 20 किलोमीटर के दायरे में आकाशीय बिजली गिरने की संभावना की 30 से 40 मिनट पहले चेतावनी देता है। नागरिकों से अपने मोबाइल में ऐप डाउनलोड कर लोकेशन, जीपीएस और नोटिफिकेशन अलर्ट सक्रिय रखने की अपील की गई। विशेषज्ञों ने बताया कि यदि बिजली चमकने के 30 सेकंड के भीतर बादलों की गर्जना सुनाई दे तो तुरंत किसी पक्के भवन या सुरक्षित स्थान पर पहुंच जाना चाहिए तथा अंतिम गर्जना सुनने के बाद कम से कम 30 मिनट तक सुरक्षित स्थान पर ही रहना चाहिए।

## अधिवक्ता संघ चुनाव के लिए अब 22 उम्मीदवार हैं मैदान में

# अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष पद पर त्रिकोणीय मुकाबला

### ग्रंथपाल पद के लिए सौरभ तिवारी का ही फार्म शेष रहने पर निर्विरोध की स्थिति बनी



नर्मदापुरम (निप्र)। जिला अधिवक्ता संघ के द्विवार्षिक चुनाव के लिए फार्म वापसी के दिन 5 अधिवक्ताओं ने फार्म उठा लिए हैं। अब कुल 22 उम्मीदवार मैदान में हैं। जिसमें अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, व कोषाध्यक्ष पद के लिए त्रिकोणीय मुकाबला की स्थिति बन गई है। सहसचिव पद के लिए आमने सामने की टक्कर होना है। वहीं कार्यकारिणी के लिए 8 प्रत्याशियों में से चयन होना है। नाम सामने आने के बाद सभी प्रत्याशियों ने समर्थन जुटाने लिए सक्रियता पूर्वक प्रयास शुरू कर दिए हैं। सोशल मीडिया पर अधिवक्ता संघ चुनाव को लेकर सरगर्मी और तेज हो गई है। जिला अधिवक्ता संघ के मुख्य निर्वाचन अधिकारी एसएस पटेल व सहायक अधिकारी राजेश अग्रवाल ने बताया कि नाम वापसी वाले दिन अध्यक्ष पद के उम्मीदवार राजीव दुबे और रामकुमार गुबरेले ने नाम वापस ले लिया है। वहीं उपाध्यक्ष पद के उम्मीदवार प्रकाश दुबे, सुंदर लाल वर्मा ने सह सचिव पद के लिए राकेश बाथरे ने फार्म नाम वापस ले लिया है। ग्रंथपाल पद के लिए सौरभ तिवारी एक मात्र प्रत्याशी होने से उन्हें निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया है। फार्म उठाए जाने के पश्चात अब जो प्रत्याशी मैदान में हैं उनमें

अध्यक्ष पद के लिए अजय प्रकाश श्रीवास्तव, मनोज जराठे, व सुरेंद्र सिंह राजपूत के बीच टक्कर होना है। वहीं उपाध्यक्ष पद के लिए दिलीप सिंह ठाकुर, केशव सिंह चौहान, और नीरज कुमार पटेल मैंदान में हैं।

सचिव पद के लिए आशीष सिंह ठाकुर, अनुपम दुबे व मोहन लाल यादव के बीच मुकाबला होना है। सहसचिव पद के लिए राकेश शर्मा, और सीके कुरापा, के बीच सीधी टक्कर है। महिला के लिए आरक्षित कोषाध्यक्ष पद के लिए श्रीमती गुरप्रीत सिंह कौर, कुमारी प्रमिला शर्मा सुश्री शमशाद खान के बीच चुनाव होना है। कार्यकारिणी पद हेतु श्रीकांत रघुवंशी, श्रीमती नीता चौधरी, बालकराम अहिरवार, लखन लाल कीर, प्रशांत गोहला, श्रीमती दीप्ति राठौर, आनंद गिरी व सलोनी अग्रवाल मैदान में हैं।

श्री पटेल एवं वरिष्ठ अधिवक्ताओं के मार्गदर्शन में सहायक निर्वाचन अधिकारी निष्पक्ष रूप से चुनावी प्रक्रिया को पूर्ण करने में जुटे हुए हैं। 15 जुलाई को प्रात: 9 बजे से मतदान शुरू हो जाएगा। जिला अधिवक्ता संघ के उप निर्वाचन अधिकारी टीएस चौहान सहायक निर्वाचन अधिकारी राजेश अग्रवाल, रामकुमार दुबे, अभिषेक शुक्ला, प्रशांत पालीवाल और संजेश राजपूत चुनाव संबंधी कार्य में जुटे हुए हैं। इस दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता एसएस ठाकुरए एमएस चौहान रमेश परिहार एवं केके जराठे सहित अन्य वरिष्ठ अधिवक्ता अपनी उपस्थिति दे रहे हैं।

## में नैतिक शिक्षा एवं नशा मुक्ति पर जागरुकता कार्यक्रम संपन्न

### होम साइंस कॉलेज नर्मदापुरम में हुआ आयोजन

नर्मदापुरम, (निप्र)। शासकीय स्नातकोत्तर होम साइंस कॉलेज नर्मदापुरम में अखिल विश्व गायत्री परिवारए शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में नैतिक शिक्षा एवं नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में नैतिक मूल्यों का विकास करनाए नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा नशामुक्त समाज के निर्माण का संदेश देना था। कार्यक्रम में गायत्री परिवार के उमेश कुमार सिंह एवं शिव कुमार विश्वकर्मा ने छात्राओं को नैतिक जीवन भारतीय संस्कृति चरित्र निर्माण तथा नशे के दुष्प्रभावों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि युवाओं में नैतिक संस्कार एवं सकारात्मक जीवन.दृष्टि का विकास ही स्वस्थ एवं सशक्त समाज की आधारशिला है। साथ ही उन्होंने छात्राओं से स्वयं नशे से दूर रहने तथा अपने परिवार एवं समाज को भी नशामुक्त बनाने का आह्वान किया इस अवसर पर राजनीति शास्त्र विभाग के डॉ दुर्गेश साहूए जिला संगठक डॉ हर्षा चाचाने तथा राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी सुश्री पूजा गोस्वामी विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

सभी वक्ताओं ने छात्राओं को नैतिक मूल्यों को अपनाने समाज में सकारात्मक भूमिका निभाने तथा नशामुक्त भारत के निर्माण में सक्रिय सहभागिता निभाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में लगभग 25 छात्राओं ने भागीदारी की।

## बालागंज में आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई, 38 पेटी अवैध देशी-विदेशी मदिरा जब्त

नर्मदापुरम(निप्र)। कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में अवैध शराब के निर्माण, विक्रय, परिवहन एवं संग्रहण के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक श्री साईं कृष्ण थोटा के मार्गदर्शन में नवागत जिला आबकारी अधिकारी डॉ. राजीव प्रसाद द्विवेदी की टीम ने शुक्रवार को आबकारी विभाग द्वारा नर्मदापुरम शहर के बालागंज क्षेत्र में आकस्मिक दबिश देकर बड़ी कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 34(1)(क) एवं 34(2) के तहत आरोपी संगीता पत्नी महेंद्र मेषकर के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर 33 पेटी देशी एवं विदेशी मदिरा जब्त की गई।

### मिशन वात्सल्य के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सभी विभाग समन्वय से करें कार्य : कलेक्टर सोमेश मिश्रा

नर्मदापुरम(निप्र)। कलेक्टर सोमेश मिश्रा की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट के रेवा सभा कक्ष में जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में मिशन वात्सल्य के प्रभावी क्रियान्वयन, देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों के कल्याण तथा विभिन्न विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर योजनाओं के बेहतर संचालन पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर श्री मिश्रा द्वारा निर्देशित किया गया कि जिले में बल ग्रह स्थापित किए जाने के लिए शासन स्तर पर प्रस्ताव प्रेषित किए जाएं। उन्होंने निर्देशित किया कि बच्चों के दस्तावेज तैयार किए जाने में आ रही दिक्कतों का तत्परता से समाधान किया जाए उन्होंने जिला पंचायत सीईओ को निर्देशित किया कि टीम का गठन कर उक्त समस्या के निराकरण हेतु आवश्यक एवं प्रभावी कदम उठाए जाएं।

बैठक के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास संजय कुमार जैन ने पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से जिले में मिशन वात्सल्य के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं तथा देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों के लिए संचालित संस्थाओं की गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने बैठक में निर्देश दिए कि बाल देखरेख संस्थाओं में निवासरत प्रत्येक बच्चे के सभी आवश्यक दस्तावेज समयबद्ध रूप से तैयार कराए जाएं, ताकि उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ सुगमता से प्राप्त हो सके।

### नर्मदापुरम जिले में खरीफ सीजन के लिए उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता, किसानों से ई-विकास पोर्टल के माध्यम से बुकिंग कर उर्वरक लेने की अपील

नर्मदापुरम (निप्र)। उपसंचालक कृषि ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में खरीफ सीजन के दौरान किसानों को उर्वरकों की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। वर्तमान में जिले में यूरिया, एनपीके, टीएसपी एवं अन्य उर्वरकों का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है तथा उर्वरकों की किसी प्रकार की कमी नहीं है। उन्होंने बताया कि जिले को पिपरिया रैक प्वाइंट पर शीघ्र ही लगभग 6,000 मीट्रिक टन यूरिया प्राप्त होने वाला है, जिससे आगामी दिनों में भी उर्वरकों की उपलब्धता और सुदृढ़ होगी। उन्होंने बताया कि खरीफ सीजन में अब तक जिले को 31,686 मीट्रिक टन यूरिया, 9,988 मीट्रिक टन टीएसपी तथा 17,221 मीट्रिक टन एनपीके उर्वरक प्राप्त हो चुके हैं।

# डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस कल

## जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का होगा आयोजन



नर्मदापुरम (निप्र)। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित पुण्य स्मरण कार्यक्रम के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी द्वारा 5 जुलाई रविवार को प्रात: 10 बजे परमशी गार्डन नर्मदापुरम में जिला स्तरीय विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती प्रीति शुक्ला ने जिले के सभी कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से सम्मेलन में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन संगठन की आगामी गतिविधियों एवं कार्यकर्ता संवाद की दृष्टि से महत्वपूर्ण रहेगा। सम्मेलन में संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की सहभागिता रहेगी। जिलाध्यक्ष श्रीमती प्रीति शुक्ला ने सभी मंडलों एवं मोर्चा के पदाधिकारियों से अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया है। सम्मेलन के माध्यम से डॉण् श्यामा प्रसाद मुखर्जी के राष्ट्र सेवा राष्ट्रवाद एवं एकात्मता के विचारों का स्मरण करते हुए कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक दायित्वों के प्रति प्रेरित किया जाएगा। उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी अमित माहला ने दी।

### खुशियों की दास्तां

## संपर्क अभियान बना आमजन के लिए राहत का माध्यम

### शिविर में मात्र 5 रुपये में मिला नया बिजली कनेक्शन उपभोक्ता की समस्या का हुआ तत्काल समाधान



नर्मदापुरम(निप्र)। मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा संचालित संपर्क अभियान के अंतर्गत आयोजित शिविरों में उपभोक्ताओं की विद्युत संबंधी समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा रहा है। इसी क्रम में सेमरी हरचंद वितरण केंद्र अंतर्गत ग्राम बोरी निवासी इंदर ठाकुर को शिविर में तत्काल नया बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराया गया। इंदर ठाकुर को नवीन विद्युत कनेक्शन की आवश्यकता थी। उन्होंने संपर्क शिविर में पहुंचकर आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत किए तथा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार मात्र 5 रुपये का आवेदन शुल्क जमा कर नया कनेक्शन प्राप्त करने के लिए आवेदन किया। शिविर में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने आवेदन का त्वरित परीक्षण कर आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण कीं और मौके पर ही उन्हें नया बिजली कनेक्शन उपलब्ध करा दिया। इससे उनकी लंबे समय से चली आ रही समस्या का तत्काल समाधान हो गया। इंदर ठाकुर ने संपर्क अभियान की सराहना करते हुए कहा कि शिविर के माध्यम से बिना किसी अनावश्यक परेशानी के उनकी समस्या का शीघ्र निराकरण हुआ। उन्होंने उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए इस प्रकार के शिविर आयोजित करने पर विद्युत वितरण कंपनी का आभार व्यक्त किया।

### कन्या विद्यालय में सिंगल यूज़ प्लास्टिक उन्मूलन एवं वेस्ट मैनेजमेंट पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

नर्मदापुरम(निप्र)। नर्मदापुरम कलेक्टर सोमेश मिश्रा के मार्गदर्शन में नगर पालिका परिषद सोहागपुर द्वारा नगर के शासकीय कन्या विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए सिंगल यूज़ प्लास्टिक उन्मूलन एवं ठोस अपशिष्ट (वेस्ट) प्रबंधन विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता एवं कचरा प्रबंधन के प्रति जागरूकता विकसित करना था। कार्यक्रम में छात्राओं को सिंगल यूज़ प्लास्टिक के पर्यावरण एवं मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए इसके उपयोग से बचने की अपील की गई। साथ ही ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की वैज्ञानिक प्रक्रिया, गीले एवं सूखे कचरे के पृथक्करण, पुन: उपयोग (Reuse) एवं पुनर्चक्रण (Recycle) के महत्व के बारे में विस्तार से बताया गया।

# कलेक्टर के निर्देश पर ग्राम तालनगरी में चला विशेष स्वच्छता अभियान




नर्मदापुरम(ए.)। आगामी वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में जलभराव एवं संभावित बाढ़ की स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष स्वच्छता अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम पंचायत तालनगरी में जलभराव एवं गंदगी की समस्या की रोकथाम के उद्देश्य से विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। ग्राम पंचायत सचिव मेघश्याम वर्मा एवं सरपंच दुलीचंद दायमा के नेतृत्व में ग्राम के प्रमुख मार्गों, नालियों तथा सार्वजनिक स्थलों की व्यापक साफ-सफाई कराई गई। अभियान के दौरान नालियों में जमा कचरा एवं गाद को हटाकर जल निकासी व्यवस्था को सुचारु बनाया गया, जिससे वर्षा के दौरान पानी का ठहराव न हो तथा ग्रामीणों को स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध हो सके।

अभियान में पंचायत के कर्मचारियों के साथ ग्रामीणों ने भी श्रमदान कर सक्रिय सहभागिता निभाई। इस दौरान ग्रामीणों से अपने घरों एवं आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता बनाए रखने तथा कचरा निर्धारित स्थान पर ही डालने की अपील की गई।

ग्राम पंचायत द्वारा बताया गया कि वर्षाकाल में जलजनित बीमारियों की रोकथाम, स्वच्छ वातावरण के संरक्षण तथा जल निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के उद्देश्य से इस प्रकार के स्वच्छता अभियान निरंतर संचालित किए जाएंगे। ग्रामवासियों ने भी अभियान की सराहना करते हुए स्वच्छ, स्वस्थ एवं सुंदर ग्राम के निर्माण में अपना सक्रिय सहयोग देने का संकल्प लिया।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एव ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णकांत सक्सेना की ओर से आलोक प्रेस,तलैया भोपाल एव श्री बालाजी प्रिटंर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित।
स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 ( नर्मदापुरम मो. 9926434695 ) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com